कोरोना वायरस महामारी और बच्चों पर प्रभाव

प्रिलिम्स के लिये

यूनिसेफ, कुपोषण, बहुआयामी गरीबी

मेन्स के लिये

बच्चों पर कोरोना वायरस महामारी का प्रभाव

चर्चा में क्यों?

‘विश्व बाल दिवस’ के अवसर पर यूनिसेफ (UNICEF) द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना वायरस के 9 में 1 मामला 20 वर्ष से कम आयु के बच्चों और किशोरों से संबंधित है।

प्रमुख बिंदु

- रिपोर्ट में कहा गया है कि 3 नवंबर, 2020 तक 87 देशों में आए 25.7 मिलियन संक्रमण के मामलों में से 11% मामले बच्चों और किशोरों से संबंधित हैं।
- **रिपोर्ट संबंधी प्रमुख निष्कर्ष**
  - कोरोना वायरस महामारी के कारण बच्चों से संबंधित स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं में आए व्यवधान के कारण बच्चों पर एक गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।
  - रिपोर्ट में प्रस्तुत आँकड़ों के अनुसार, कोरोना वायरस संक्रमण के कारण विश्व के लगभग एक-तिहाई देशों में नियमित टीकाकरण जैसी स्वास्थ्य सेवाओं के कवरेज़ में तकरीबन 10 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है।
  - विश्व के 135 देशों में महिलाओं और बच्चों के लिये पोषण सेवाओं के कवरेज़ में 40 प्रतिशत की गिरावट है, जिसका दीर्घकाल में खतरनाक परिणाम हो सकता है।
  - रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी के कारण वर्ष 2020 में 5 वर्ष से कम आयु के 6 से 7 मिलियन से अधिक बच्चे वेस्टिंग (Wasting) और कुपोषण से पीड़ित हो सकते हैं, इसका सबसे अधिक प्रभाव सब-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया में देखने को मिल सकता है।

??????? ?? ??????? ? ?????? ??????

- **शिक्षा के क्षेत्र में**
  - अप्रैल माह के अंत में जब विश्व के अधिकांश देशों में लॉकडाउन लागू किया गया तो विद्यालयों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था, जिसके कारण विश्व के लगभग 90 प्रतिशत छात्रों की शिक्षा बाधित हुई थी और विश्व के लगभग 1.5 बिलियन से अधिक स्कूली छात्र प्रभावित हुए थे।
  - कोरोना वायरस के कारण शिक्षा में आई इस बाधा का सबसे अधिक प्रभाव गरीब छात्रों पर देखने को मिला है और अधिकांश छात्र ऑनलाइन शिक्षा के माध्यमों का उपयोग नहीं कर सकते हैं, इसके कारण कई छात्रों विशेषतः छात्राओं के वापस स्कूल न जाने की संभावना बढ़ गई है।
  - नवंबर 2020 तक 30 देशों के 572 मिलियन छात्र इस महामारी के कारण प्रभावित हुए हैं, जो कि दुनिया भर में नामांकित छात्रों का 33% है।
- **लैंगिक हिंसा में वृद्धि**
  - लॉकडाउन और स्कूल बंद होने से बच्चों के विरुद्ध लैंगिक हिंसा की स्थिति भी काफी खराब हुई है। कई देशों ने घरेलू हिंसा और लैंगिक हिंसा के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है।
  - जहाँ एक ओर बच्चों के विरुद्ध अपराध के मामलों में वृद्धि हो रही है, वहीं दूसरी ओर अधिकांश देशों में बच्चों एवं महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा की रोकथाम से संबंधित सेवाएँ भी बाधित हुई हैं।
- **आर्थिक प्रभाव**
  - वैश्विक स्तर महामारी के कारण वर्ष 2020 में बहुआयामी गरीबी में रहने वाले बच्चों की संख्या में 15% तक बढ़ोतरी हुई है और इसमें

अतरिक्ति 150 मलियिन बच्चे शामलि हो गए हैं।
    - बहुआयामी गरीबी के नरि्धारण में लोगों द्वारा दैनकि जीवन में अनुभव कयि जाने वाले सभी अभावों/कमी जैसे- खराब स्वास्थ्य, शक्षिा की कमी, नम्नि जीवन स्तर, कार्य की खराब गुणवत्ता, हसिा का खतरा आदकिो समाहति कयिा जाता है।

उपाय:

- सभी देशों की सरकारों को डजिटिल डविाइड को कम करके यह सुनश्चिति करने का प्रयास करना चाहयि कसिभी बच्चों को सीखने के समान अवसर प्राप्त हों और कसिी भी छात्र के सीखने की क्षमता प्रभावति न हो।
- सभी की पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच सुनश्चिति की जानी चाहयि और जनि देशों में टीकाकरण अभयिान प्रभावति हुए हैं उन्हें फरि से शुरू कयिा जाना चाहयि।
- बच्चों और युवाओं के मानसकि स्वास्थ्य पर ध्यान दयिा जाना चाहयि और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और लैंगकि हसिा जैसे मुद्दों को संबोधति कयिा जाना चाहयि।
- सुरक्षति पेयजल और स्वच्छता आदतिक बच्चों की पहुँच को बढ़ाने का प्रयास कयिा जाए और पर्यावरणीय अवमूल्यन तथा जलवायु परविर्तन जैसे मुद्दों को संबोधति कयिा जाए।
- बाल गरीबी की दर में कमी करने का प्रयास कयिा जाए और बच्चों की स्थतिमिें समावेशी सुधार सुनश्चिति कयिा जाए।

वशि्व बाल दविस

- बाल अधकिारों के प्रतजिागरूकता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लयि प्रत्येक वर्ष 20 नवंबर को वशि्व बाल दविस (World Children's Day) मनाया जाता है।
- इसे सबसे पहले वर्ष 1954 में मनाया गया था।

स्रोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/1-in-9-children-infected-by-covid-19-unicef